प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 08.06.2024

जनपद सोनभद्र

सोनभद्र पुलिस का अनवरत प्रहार, मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 02 अन्तर्जनपदीय गांजा तस्कर गिरफ्तार, एक अदद DCM ट्रक में आम लादकर उसके बीच आम के कैरट में छिपाकर रखे कुल 05 कुन्तल 04 किग्रा मादक पदार्थ गांजा (गांजा व ट्रक का कुल अनुमानित कीमत रुपये 84 लाख) बरामद-

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध सोनभद्र पुलिस के निरन्तर प्रहार की कड़ी में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यायल) श्री कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में दिनांक 07.06.2024 को थाना रॉबर्ट्सगंज व एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा अपने प्रभावी आसूचना संजाल के इनपुट से समय रात्रि 21.00 बजे थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्र के सब्जी मण्डी से 01 अदद DCM ट्रक संख्या UP 70 NT 5080 में आम लादकर उसके बीच आम के कैरट में गांजा छिपाकर उड़ीसा प्रान्त के रायगढ़ा से लोड करके रॉबर्ट्सगंज के रास्ते प्रयागराज ले जा रहे 05 कुन्तल 04 किग्रा अवैध गांजा (अनुमानित कीमत गांजा रुपये 50 लाख) के साथ 02 नफर अन्तर्जनपदीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इस बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0-407/2024 धारा 8/20/29/60 NDPS Act का अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि पुलिस से बचने के लिए उक्त DCM ट्रक में आम लादकर उसके बीच आम के कैरट में गांजा छिपाकर **उड़ीसा प्रान्त के रायगढ़ा** से लोड करके प्रयागराज ले जा रहे थे। यह गांजा प्रयागराज निवासी नन्हके बनिया का है। हम लोगों को एक चक्कर का अच्छा भाड़ा मिल जाता है इसी लालच में हम लोग मिलकर यह कार्य करते हैं तथा जो रुपये मिलते है हम सभी आपस में बांट लेते हैं।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का विवरण –

01. सुनील कुमार बिंद पुत्र ओमप्रकाश बिंद निवासी ग्राम मवैया थाना कौंधियारा जिला प्रयागराज उम्र 22 वर्ष (वाहन स्वामी)।

02. छोटू बिंद उर्फ कमलाकर पुत्र मूलचन्द निवासी अतरसुया थाना बारा जिला प्रयागराज उम्र 19 वर्ष (वाहन चालक)।

वांछित अभियुक्त का विवरण-

नन्हके बनिया पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम घटवा प्रयागराज।

बरामदगी का विवरण-

1. 05 कुन्तल 04 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा (अनुमानित कीमत गांजा 50 लाख रुपये)
2. 01 अदद DCM ट्रक संख्या UP 70 NT 5080 (अनुमानित कीमत 34 लाख रुपये)।

गिरफ्तारी /बरामदगी में सम्मिलित पुलिस टीम का विवरणः-

01. निरीक्षक रामस्वरुप वर्मा, प्रभारी एसओजी टीम, जनपद सोनभद्र।

02. प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र राय थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र ।

03. उ0नि अमित कुमार त्रिपाठी प्रभारी सर्विलांस सेल, जनपद सोनभद्र ।

04. हे0का0 जगदीश मौर्या, हे0का0 सतीश सिंह पटेल, हे0का0 शशि प्रताप सिंह, का0 रितेश पटेल, का0 अजीत कुमार यादव, का0 प्रेमप्रकाश चौरसिया, जयप्रकाश सरोज स्वाट/एसओजी टीम जनपद सोनभद्र ।

05. हे0का0 प्रकाश सिंह, हे0का0 अमित सिंह सर्विलांस टीम जनपद सोनभद्र ।

06. हे0का0 पंकज कुमार राय, हे0का0 रविकान्त गौतम का0 सचिन सरोज, का0 रमेश गौड़ थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र ।